AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

14 नए कॉलेज खुलने पर मुहर, लविवि ने दी मान्यता

161 महाविद्यालयों में पाठ्यक्रमों को अस्थाई 11 कॉलेजों में दी स्थायी मान्यता

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को कार्यपरिषद की बैठक में पंच जिलों लखीमपुर खीरी, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर व हरदोई में 14 नए महाविद्यालय चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए यहां प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने पर मुहर लगाई गई। इसके अतिरिक्त 161 महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों को अस्थायी और 11 महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों को स्थायी मान्यता प्रदान की गई है।

कार्यपरिषद में 147 पहले से संचालित महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की अस्थायी सहयुक्तता पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यपरिषद की बैठक में जिन नए कॉलेजों को शुरू किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई है। उनमें सात महाविद्यालय लखनऊ में हैं।

कार्यपरिषद की बैठक

लखनऊ में ये महाविद्यालय

- सरोज कॉलेज ऑफ लॉ अहिमामऊ
- सरोज एजुकेशनल अहिमामऊ
- सिटी कॉलेज ऑफ लॉनवादा यादव लॉ कॉलेज
- पंडित मदन मोहन मालवीय विधि महाविद्यालय
- मां भगवती इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च

अन्य जिलों में खोले जाने वाले कॉलेज

- लालजी लॉ कॉलेज, रायबरेली
- राम भरोसे सविता दीन महाविद्यालय उमरा कला, सीतापुर
- ज्ञानदीप लॉ कॉलेज नवादा, हरदोई
- कृष्ण पाल सिंह लॉ कॉलेज तम्बौर, सीतापुर
- श्री एलबीएस लॉ कॉलेज, सीतापुर
- एसआरके महाविद्यालय अटरिया, सीतापुर
- श्री महेंद्र नाथ महाविद्यालय जिगनिया, हरदोई

इन प्रस्तावों को भी मंजूरी

डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में विश्वविद्यालय में रैंकिंग सेल गठन करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह सेल रैंकिंग के लिए विश्वविद्यालय को तैयारी करवाने के साथ ही जरूरी दस्तावेजों को उपलब्ध कराने में मदद करेगी। बैठक में नवांकुर संस्था के नीतिगत ढांचे को मंजूरी प्रदान करने व विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्ययन मंडल के पुनर्गठन प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गई है।

प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को बीएससी केमिस्ट्री दूसरे समेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की प्रस्तावित तिथियां जारी कर दीं। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने पांचों जिलों लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई व रायबरेली के महाविद्यालयों के प्राचार्यों व विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर कहा कि यह महाविद्यालय में 19 से 30 जून के बीच बीएससी केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां 12 जून तक लविवि के केमिस्ट्री विभाग में उपलब्ध कराएं। (संवाद)

एलएलबी, एलएलएम परीक्षा के परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को एलएलएम व एलएलबी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर रिजल्ट देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। (संवाद)

लविवि में हुई निबंध प्रतियोगिता

लखनऊ। विश्व महासागर दिवस पर लविवि के भूगोल विभाग में निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंद्रजीत शुक्ला ने प्रथम, मुस्कान राज ने द्वितीय व सौरभ कुमार मिश्रा व अनुभव शुक्ला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

कार्यपरिषद की बैठक में 14 नए महाविद्यालयों को दी गई अस्थायी सम्बद्धता

एलयू से संबद्ध 176 कॉलेजों में नए पाठ्यक्रम, 11 को स्थायी मान्यता

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कार्य परिषद ने 17 कॉलेजों में इतने ही नए पाठ्यक्रम संचालित करने पर सहमति जताई। इनमें 14 नए कॉलेज भी शामिल हैं। साथ ही 11 महाविद्यालयों को स्थायी मान्यता दी गई। लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर में 14 नए महाविद्यालयों को संबद्धता दिए जाने पर विश्वविद्यालय में करीब 1500 सीटें बढ़ जाएंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद की बैठक में मुख्य रूप से कॉलेजों को सम्बद्धता, पाठ्यक्रमों को स्थायी और अस्थायी सम्बद्धता पर अनुमोदन के साथ ही विश्वविद्यालय में नवीन रैंकिंग सेल गठन, बोर्ड ऑफ स्टडीज का पुर्नगठन, इन्क्यूबेशन सेल के नीतिगत ढांचे को मंजूरी दी गई।

कार्यपरिषद में जिन 11 नये महाविद्यालय के पाठ्यक्रमों को स्थाई सहयुक्तता पर संस्तुति दी गई है, उनमें लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई के कॉलेज शामिल हैं। इन 11 नये महाविद्यालय में लखीमपुर-खीरी से कोई भी कॉलेज शामिल नहीं है। इसके साथ ही 147 पूर्व से संचालित महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों का अस्थाई सहयुक्तता पर अनुमोदन हुआ।

बदलेगा कोर्स डिजाइन

बैठक में बोर्ड ऑफ स्टडीज के पुर्नगठन को मंजूरी दी गई है। एनईपी और कौशल विकास को देखते हुए कोर्स डिजाइन करने की तैयारी है। जल्दी ही इससे जुड़ी गाइडलाइन जारी की जा सकती है। पुर्नगठन के बाद उद्योग और नवीन तकनीक में विश्वविद्यालय में कोर्स डिजाइन किए जाएंगे।

लखनऊ में नए महाविद्यालय

- मदन मोहन मालवीय विधि महाविद्यालय, एलएलबी
- श्री एलबीएस लॉ कॉलेज, एलएलबी
- सरोज कॉलेज ऑफ लॉ, अहिमामऊ, एलएलबी
- सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, एलएलबी (तीन वर्षीय)
- मां भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, बीबीए,बीसीए
- सरोज एजुकेशनल अहिमामऊ, सुल्तानपुर रोड, बीबीए
- आरएसएस लॉ कॉलेज, कृष्णानगर, एलएलबी
- दयानंद यादव लॉ कॉलेज, एलएलबी

रैंक सुधार को एलयू बना नोडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में अच्छी रैंकिंग के लिए रैंकिंग सेल का गठन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश एवं राज्य के विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति की अध्यक्षता में सभी कुलपति के साथ हुई उपक्रम की बैठक में रैंकिंग सेल गठन का निर्णय लिया गया। राज्यपाल की पहल पर एलयू को रैंकिंग सुधार के लिए नोडल बनाया।

इसी क्रम में उपक्रम की डायरेक्टर जनरल प्रो पूनम टंडन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एक रैंकिंग सेल की स्थापना करें।

बीएससी केमिस्ट्री प्रैक्टिकल 19 जून से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएससी केमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 19 से 30 जून तक होंगे। केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने सभी कॉलेजों को पत्र भेज कॉलेज और छात्रों का विवरण 12 जून तक मांगा है। कॉलेज प्राचार्य को विवरण में यूडीआरसी कॉलेज कोड, कॉलेज का प्रकार समेत अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : 172 कालेजों में 176 पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की कार्य परिषद की बैठक में कई और प्रस्ताव को भी मिली हरी झंडी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक हुई। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी को मिलाकर 172 कालेजों में स्नातक, परास्नातक के 176 पाठ्यक्रमों के संचालन को मंजूरी दी गई। इसमें 14 नए कालेज खोलने के साथ-साथ पूर्व से संचालित 147 कालेजों में अस्थायी एवं 11 में स्थायी पाठ्यक्रम की सहयुक्तता का प्रस्ताव पास किया गया।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में विश्वविद्यालय में नवीन रैंकिंग सेल के गठन, नवांकुर संस्था (इन्क्यूबेशन सेल) की नियमावली और विभिन्न विभागों एवं संस्थानों की अध्ययन मंडल (बोर्ड आफ स्टडीज) के पुनर्गठन को भी मंजूरी दी गई है।

लखनऊ के इन एडेड डिग्री कालेजों में शुरू होंगे नए कोर्स

कातीरण पीजी कालेज : एमए राजनीति शास्त्र, बीबीए, बीए अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, बीएससी (पीसीएम, जेडबीसी, कंप्यूटर साइंस), बीएलआइएससी, बीएजेएमसी, एमए शिक्षा शास्त्र।

शिया पीजी कालेज : विधि पांच वर्षीय, एमए शिक्षा शास्त्र, एमए इतिहास, राजनीतिशास्त्र, बीजेएमसी

सुन सुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज : बीकाम

अवध गर्ल्स डिग्री कालेज : एमए भूगोल, राजनीतिशास्त्र, शिक्षा शास्त्र

केकेवी : एमएससी भूगर्भ विज्ञान

इन नए कालेजों को मंजूरी : सरोज कालेज आफ ला अहिमामऊ, एलबीएस ला कालेज, कृष्ण पाल सिंह ला कालेज सीतापुर, दयानंद यादव ला कालेज लखनऊ, आरएएस ला कालेज कृष्णा नगर, ज्ञान दीप ला कालेज नेवादा हरदोई, आरबीएसडी राम भरोसे सवितादीन महाविद्यालय सीतापुर, लाल जी ला कालेज बारा रायबरेली, सरोज एजुकेशनल अहिमामऊ सुल्तानपुर रोड लखनऊ, मां भगवती इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च लखनऊ, सिटी कालेज आफ ला लखनऊ, श्री महेंद्र नाथ महाविद्यालय जिगिनिया हरदोई, एसआरके महाविद्यालय अटरिया सीतापुर, पं मदन मोहन मालवीय विधि महाविद्यालय लखनऊ।

परीक्षा देने के बाद भी परिणाम में अनुपस्थित

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार शाम को जारी बीएससी तीसरे सेमेस्टर (गणित) के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। कई छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उन्होंने परीक्षा दी, लेकिन परिणाम में अनुपस्थित लिखकर आया है। ज्यादातर की समस्या मैट्रिक्स एंड एलजेब्रा विषय में है। कुछ को केमिस्ट्री प्रैक्टिकल तो एक छात्रा को इनवायरमेंटल बायोलाजी एंड वाइल्ड लाइफ (जूलाजी) में अनुपस्थित दिखाया गया है। परिणाम आने के बाद गुरुवार को बपा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) के कई विद्यार्थी कालेज पहुंचे और प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा से शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कालेज प्रशासन ने परीक्षा नियंत्रक को विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रमाणित करते हुए रिजल्ट सही करने का अनुरोध किया है। प्राचार्य के मुताबिक 18 विद्यार्थियों के परिणाम में एक विषय में अनुपस्थित लिखा है। इसकी सूचना लवि को भेज दी गई है। इसी तरह श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में भी सात-आठ छात्र-छात्राओं ने उप प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा को प्रार्थना पत्र लिखकर परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित होने की शिकायत की है। उनकी उपस्थिति की जांच शुक्रवार को कालेज अभिलेखों से की जाएगी। लवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि छात्र परेशान न हो, उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

बीएससी केमिस्ट्री की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 19 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में जूलाजी के बाद अब केमिस्ट्री विभाग ने भी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां भी प्रस्तावित कर दी है। 230 महाविद्यालयों के करीब पांच हजार विद्यार्थियों की यह प्रयोगात्मक परीक्षाएं 19 से 30 जून के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए विभाग ने डन सभी कालेजों से 12 जून तक सूचनाएं देने के लिए कहा है। लवि से जुड़े करीब 230 कालेजों में बीएससी पाठ्यक्रम संचालित है। केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि कालेजों को यूडीआरसी कालेज कोड, कालेज का प्रकार, केमिस्ट्री के मेजर और माइनर प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों की संख्या, बैच की प्रस्तावित संख्या, कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि एवं कालेज में स्थायी एवं अपूर्व शिक्षकों की सूची नाम, मोबाइल नंबर व ई-मेल आइडी के साथ 12 जून तक लवि के केमिस्ट्री विभाग में या फिर ई-मेल chemistry.college.lu@gmail.com पर भेज सकते हैं।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी में कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

अब स्टूडेंट्स के स्टार्टअप को 'स्पीड' देने की तैयारी

176 कॉलेजों में 176 पाठ्यक्रमों को अस्थाई व 11 कॉलेजों को स्थाई मान्यता दी गई

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (8 June) : लखनऊ यूनिवर्सिटी में गुरुवार को कार्यपरिषद की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 176 कॉलेजों में 176 पाठ्यक्रमों को अस्थाई व 11 कॉलेजों को स्थाई मान्यता दी गई. इनमें 14 कॉलेज नए भी शामिल हैं.

कालीचरण में एमए पॉलिटिकल साइंस

एलयू की कार्यपरिषद की बैठक में नए कोर्स के संचालन की मान्यता का इंतजार कर रहे कुछ कॉलेजों को मंजूरी मिली है. चौक स्थित कालीचरण पीजी कॉलेज में एमए पॉलिटिकल साइंस व बीबीए पाठ्यक्रम को नए सत्र से दो से तीन साल के लिए अस्थाई सहयुक्तता मिली है. इसके लिए बीए अतिरिक्त विषय अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, बीएससी पीसीएम, जेडबीसी व कंप्यूटर साइंस को तीन साल के लिए अस्थाई मान्यता दी गई है.

- एलयू में स्टूडेंट्स को स्टार्टअप के लिए दिया जागरा बढ़ावा.
- खुनखुनजी गर्ल्स कॉलेज में चलाया जाएगा बीकॉम कोर्स.

एलयू के लिए भी लिए गए अहम फैसले

बैठक में एलयू की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए श्री कई अहम फैसले लिए गए है. रैंकिंग को बेहतर करने के लिए नवीन रैंकिंग सेल का गठन किया जाएगा. नवांकुर संस्था या इंक्यूबेशन सेल के नीतिगत ढांचे को मंजूरी भी दी गई है. ताकि स्टूडेंट्स को स्टार्टअप के लिए बढ़ावा दिया जा सके.

चलेगा बीकॉम कोर्स

बैठक में खुनखुनजी गर्ल्स कॉलेज में बीकॉम का कोर्स चलाने के लिए तीन वर्ष के लिए अस्थाई सहयुक्तता दी गई है. इसी तरह अवध गर्ल्स कॉलेज में जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस और शिक्षाशास्त्र में एमए को मंजूरी दी गई है. बीएसएनवी पीजी कॉलेज में भूगर्भ विज्ञान में एमएससी कराया जाएगा. इसे दो साल के लिए सहयुक्तता दी गई है. करियर कॉन्वेंट गर्ल्स कॉलेज को भी बीए व एमए इंग्लिश के लिए अस्थाई मान्यता मिली है. शिया पीजी कॉलेज को भी पांच वर्षीय लॉ कोर्स और शिक्षाशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र में एमए व बीजेएमसी को दो साल के लिए प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई है. इसी तरह कई कॉलेजों में भी पाठ्यक्रम चलाने के लिए मंजूरी दी गई है. सभी कोर्स इस सत्र से शुरू किए जाएंगे.

लखनऊ के इन कॉलेजों को अस्थाई सहयुक्तता

सरोज कॉलेज ऑफ लॉ अहिमामऊ, श्री एलबीएस लॉ कॉलेज, दयानंद यादव कॉलेज, आरएएस लॉ कॉलेज, कालीचरण पीजी कॉलेज, करियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, सरोज एजुकेशनल अहिमामऊ, कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, मां भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, भगवान बख्श सिंह डिग्री कॉलेज, सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, अमृतांतदमयी कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, खुनखुनजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, सिटी कॉलेज तिवारीगंज, सिटी वूमन्स कॉलेज, आरकेजी एजुकेशनल कॉलेज, मॉर्डन कॉलेज ऑफ एजुकेशनल बंथरा, हीरालाल यादव मेमोरियल ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन, कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, सूर्या कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, आरएएस डिग्री कॉलेज, भालचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च, बाबू सुंदर सिंह डिग्री कॉलेज, गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत कई कॉलेज शामिल है.

हर स्टेट यूनिवर्सिटी में होगी रैंकिंग सेल

यूपी रैंकिंग, प्रत्यायन और परामर्श केंद्र (उपक्रम) की महानिदेशक ने जारी की

LUCKNOW (8 JUNE): लखनऊ विश्वविद्यालय सहित उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में रैंकिंग सेल की स्थापना की जाएगी. कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई उत्तर प्रदेश रैंकिंग, प्रत्यायन और परामर्श केंद्र (उपक्रम) की बैठक के बाद महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को गाइडलाइन भेजी है.

अंतरराष्ट्रीय पहचान के लिए

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रैंकिंग सेल की स्थापना करें. उपक्रम के चेयरपर्सन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि वर्तमान अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक परिदृश्य में शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को आकार देने में रैंकिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

रैंकिंग सेल का काम

विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों से संबंधित डेटा एकत्र, विश्लेषण और प्रस्तुत करना, जिससे विश्वविद्यालय मान्यता निकायों, हितधारकों और आंतरिक मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए व्यापक रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम हो सके. विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रमों, शिक्षक, अनुसंधान गतिविधियों और सहायक सेवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और मूल्यांकन करना. रणनीतिक योजना और लक्षित सुधारों को सुविधाजनक बनाना. विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मानकों का पालन, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना.

केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल 19 से

LUCKNOW (8 JUNE): एलयू में केमिस्ट्री विभाग ने भी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां प्रस्तावित कर दी है. 230 महाविद्यालयों के करीब पांच हजार विद्यार्थियों के यह प्रैक्टिकल एग्जाम 19 से 30 जून के बीच आयोजित की जाएंगी. सभी कालेजों से 12 जून तक सूचनाएं देने के लिए कहा है.केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि कालेजों को यूडीआरसी कालेज कोड, कालेज का प्रकार, केमिस्ट्री के मेजर और माइनर प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों की संख्या, बैच की प्रस्तावित संख्या, कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि एवं कालेज में स्थायी एवं अपूर्व शिक्षकों की सूची नाम, मोबाइल नंबर व ई-मेल आइडी के साथ 12 जून तक एलयू के केमिस्ट्री विभाग में या फिर ई-मेल chemistry.college.lu@gmail.com पर भेज सकते हैं.

PIONEER PAGE 3

160 महाविद्यालयों के 174 प्रस्तावों को मिली कार्यपरिषद की मंजूरी, 6000 सीटें बढ़ीं

14 नये महाविद्यालयों के संचालन पर कार्य परिषद की मुहर

● ओरिएंटल स्टडीज इन अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के पर्शियन विभाग के डॉ. जाफरी का नहीं खुला लिफाफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को सम्पन्न हुई कार्यपरिषद की बैठक कालेजों के नाम रही। बैठक में 14 नये महाविद्यालयों के संचालन पर कार्य परिषद ने अपनी सहमति दे दी है। कार्य परिषद की सहमति के बाद लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में यूजी और पीजी की मिलाकर कुल 6000 सीटें बढ़ जाएंगी।

विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में कुल 160 महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों की संस्तुति दी गयी। जिसमें 14 नये महाविद्यालय भी शामिल हैं। जबकि 60 पुराने कालेजों में नये कोर्स शुरू करने के लिए अस्थाई सहयुक्तता मिली है। इनमें सबसे अधिक लॉ कालेज शामिल हैं।

बैठक में ओरिएंटल स्टडीज इन अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के डॉ. सैय्यद अरशद अली जाफरी को लेकर कोर्ट के अंतरिम आदेश पर लिफाफा खुलना था। सूत्रों के मुताबिक कुलपति ने कहा कि नौकरी देने के बाद नौकरी लेना उचित नहीं। इसलिए इसे स्पेशल अपील के जरिए विवि निस्तारित करायेगा। इसके अलावा बैठक में प्राचीन इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. डीपी तिवारी का मामला भी उठा, जिस पर उपस्थित सदस्य हंस पड़े। अंत में कुलपति ने कहा कि इस तरह के जितने भी मामले हैं, उनके लिए अलग से बैठक कर निस्तारित किया जाय।

इन 11 महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम को मिली स्थाई संस्तुति

- लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईगंज
- ग्रामोदय महाविद्यालय, डिघिया मोदीपुर, हरदोई
- गुलाब सिंह महाविद्यालय, साण्डी हरदोई
- प्रभात राजेंद्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय लहरपुर सीतापुर
- रामपाल सिंह स्मृति लॉ कॉलेज, मनेहरू रायबरेली
- ग्रीन फील्ड कॉलेज, इलसिया ग्रान्ट रामकोट सीतापुर
- श्री गीत लॉ कॉलेज बक्शी का तालाब
- बाबू पं रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय जरिया रायबरेली
- हीरा लाल लॉ कॉलेज, बेंती सरोजनी नगर
- बरखंडी महाविद्यालय शिवगढ़ रायबरेली
- चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीकेटी

इन 14 नये महाविद्यालयों पर हुई संस्तुति

- पं मदन मोहन मालवीय विधि महाविद्यालय
- श्री एलबीएस लॉ कॉलेज, लखनऊ
- सरोज कॉलेज ऑफ लॉ अहिमामऊ लखनऊ
- सिटी कॉलेज ऑफ लॉ लखनऊ मां भगवती इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड रिसर्च लखनऊ
- सरोज एजूकेशनल अहिमामऊ सुल्तानपुर रोड लखनऊ
- आरएएस लॉ कॉलेज कृष्णानगर लखनऊ
- दयानंद यादव लॉ कॉलेज लखनऊ
- एसआरके महाविद्यालय अटरिया, सीतापुर
- श्री महेंद्र नाथ महाविद्यालय जिगिनिया हरदोई
- लाल जी लॉ कॉलेज बारा रायबरेली
- आरबीएसडी राम भरोसे सवितादीन महाविद्यालय उमरा कला सीतापुर
- ज्ञानदीप लॉ कॉलेज नेवादा हरदोई
- कृष्ण पाल सिंह लॉ कॉलेज तम्बौर सीतापुर

इन तीन कालेजों को मिली सह शिक्षा की मान्यता: आजाद गर्ल्स डिग्री कालेज, सीतापुर वनस्थली ज्ञानपीठ, बीकेटी रामअौतार कल्याणी देवी महाविद्यालय सीतापुर

बोर्ड ऑफ स्टडीज का होगा पुर्नगठन: विवि ने अपने बोर्ड ऑफ स्टडीज में बदलाव करते हुए विभिन्न विभागों के अध्यन मंडल के पुर्नगठन को मंजूरी दे दी है। इसके लिए जल्द ही गाइडलाइन बनेगी। विवि से मिली जानकारी के मुताबिक इसके पुर्नगठन के साथ अब इंडस्ट्री और नई टेक्नोलॉजी के हिसाब से कोर्स को डिजाइन किया जा सकेगा। उधरए बोर्ड ऑफ स्टडीज में छात्रों के शामिल होने पर भी मुहर लग सकती है।

सभी राज्य विश्वविद्यालयों में बनेगी रैंकिंग सेल

उत्तर प्रदेश रैंकिंग, प्रत्यायन और परामर्श केंद्र (उपक्रम) की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने जारी की गाइडलाइन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय सहित उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में रैंकिंग सेल की स्थापना की जाएगी। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई उत्तर प्रदेश रैंकिंग, प्रत्यायन और परामर्श केंद्र (उपक्रम) की बैठक के बाद महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को गाइडलाइन भेजी है।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रैंकिंग सेल की स्थापना करें। उपक्रम के चेयरपर्सन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि वर्तमान अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक परिदृश्य में शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को आकार देने में रैंकिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस उद्देश्य को पाने के लिए एक रैंकिंग सेल की स्थापना जरूरी है।

रैंकिंग सेल का ये होगा काम : विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों से संबंधित डेटा एकत्र, विश्लेषण और प्रस्तुत करना, जिससे विश्वविद्यालय मान्यता निकायों, हितधारकों और आंतरिक मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए व्यापक रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम हो सके। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रमों, शिक्षक, अनुसंधान गतिविधियों और सहायक सेवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और मूल्यांकन करना। रणनीतिक योजना और लक्षित सुधारों को सुविधाजनक बनाना। विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मानकों का पालन, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नियुक्त शिक्षकों की एक टीम के साथ-साथ रैंकिंग प्रकोष्ठ का नेतृत्व निदेशक के रूप में एक शिक्षक को किया जाना चाहिए। रैंकिंग एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ें और नवीनतम मूल्यांकन पद्धतियों पर अपडेट रहें।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर लाइब्रेरी में नए सिलेबस की पुस्तकों को लेकर नए सत्र 2023-24 से छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सिलेबस वाली पुस्तकें मिल सकें, इसके लिए अब कुलसचिव संजय मेघावी की ओर से सभी विभागाध्यक्षों से सूची मांगी गई है। एनईपी के तहत कई पाठ्यक्रमों के सिलेबस में बदलाव किया गया है। कई विभागों में कुछ मुद्दों को जोड़ा है तो रक्षा अध्ययन और पुरातत्व विभाग को कई पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। वहीं इंजीनियरिंग व एमबीए की पढ़ाई के लिए हिन्दी पाठ्यक्रम लागू किया गया है। यह अब तब लाइब्रेरी में उपलब्ध नहीं है।

प्रैक्टिकल 19 से 30 जून तक

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएससी केमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 19 से 30 जून तक होंगे। इस सम्बंध में केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने सभी कॉलेजों को पत्र भेज कॉलेज और छात्रों का विवरण 12 जून तक मांगा है। कॉलेज प्राचार्य को विवरण में यूडीआरसी कॉलेज कोड, कॉलेज का प्रकार, कॉलेज में कितने छात्रों ने केमिस्ट्री को मेजर और कितने छात्रों ने माइनर विषय के रूप में लिया है, कॉलेज की सुविधानुसार तिथि आदि जानकारियां मांगी गई हैं।

172 महाविद्यालयों में अलग अलग पाठ्यक्रमों को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्य परिषद की बैठक के दौरान चार अहम निर्णय लिए गये। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय से संबद्ध 172 महाविद्यालयों में अलग-अलग पाठ्यक्रमों की संस्तुति की गई। इसमें 11 महाविद्यालयों के अलग-अलग पाठ्यक्रमों को स्थाई सहयुक्तता और 14 नवीन महाविद्यालयों को अस्थाई सयुक्तता प्रदान की गई। वहीं 147 पूर्व से संचालित महाविद्यालयों में अलग-अलग पाठ्यक्रमों की अस्थाई सहयुक्तता को लेकर मंजूरी प्रदान की गई। वहीं नवापुर संस्था (इन्क्यूबेशन सेल) के नीतिगत ढांचे को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के संस्थानों की अध्यन मंडल के पुर्नगठन को मंजूरी दी गई। विश्वविद्यालय में शाम तक चली इस बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय, कुलसचिव संजय मेधावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नवीन रैकिंग सेल का गठन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में नवीन रैकिंग सेल का भी गठन किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में